**Title:** Moved the motion for consideration of the Export-Import Bank of India (Amendment) Bill,1998. Motion for Consideration- adopted

MR. SPEAKER: The House will now take up the Export-Import Bank of India (Amendment) Bill, 1998. Shri Kadambur M.R. Janarthanan.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN): Sir, I beg to move:*

That the Bill further to amend the Export-Import Bank of India Act, 1981, be taken into consideration."

The Export Import Bank of India (EXIM Bank), as the hon. Members are aware, is a specialised financial institution constituted under the Export Import Bank of India Act, 1981. It is wholly owned by the Government of India. The charter of the Exim Bank stipulates that it shall provide financial assistance to exporters and importers, and function as the principal financial institution for coordinating the working of institutions engaged in financing export and import of goods and services with a view to promoting the country's international trade and for matters connected therewith or incidental thereto.

The Exim Bank has been assigned a special role in providing medium and long term export credit to exporters, that is to say, project exporters as well as exporters of capital goods and other manufactured goods on deferred payment terms; providing lines of credit to banks, and foreign government agencies to finance imports of eligible goods and services from the country; providing term loans to export-oriented units in the country and equity finance to Indian companies setting up joint ventures/wholly owned subsidiaries abroad; and providing information and advisory services to Indian exporters.

-----------------------------------------------------------------------------

* Moved with the recommendation of the President.

The Exim Bank's performance over the ten years (1988-98) has been satisfactory. During this period, its loan assets have grown at an annual average of 19 per cent with cumulative sanctions at Rs.14,893 crDore. In 1997-98, sanctions and disbursements amounted to Rs.1840 crore and Rs.1370 crore respectively. The Bank's operations have been profitable since the first year of its establishment and it has also been paying dividend to the Government every year.

The authorised capital of the Exim Bank is Rs.500 crore. The paid-up capital of the Exim Bank has been augmented every year out of budgetary allocation. In the year 1995-96, an amount of Rs.59.66 crore was released to Exim Bank increasing the paid-up capital to Rs.500 crore approximately. In order to provide the Exim Bank an adequate capital base to support its future business growth, maintain its creditworthiness with international lenders, to enable it to raise external commercial borrowings at competitive rates and to retain adequate resource flows to enable the Exim Bank to maintain its flexibility, the Exim Bank's authorised capital is proposed to be raised from Rs.500 crore to Rs.1000 crore provided that the Central Government may, by notification, increase the said capital to Rs.2000 crore.

Sir, I now commend this Bill to this House for consideration and passing.

MR. SPEAKER: Motion moved:

"That the Bill further to amend the Export-Import Bank of India Act, 1981, be taken into consideration."

SHRI KONIJETI ROSAIAH (NARASARAOPET): Sir, at the outset, I would like to say that I welcome the Amendment Bill. But, at the same time, I would also like to remind this Government that this amount of Rs.1000 crore may not be sufficient looking at the present day prices in the country and also in the international market.

This quantum of Rs.200 crore was fixed in the year 1981. You try to compare the rates prevalent in those days for different commodities which we were exporting and try to compare the prevailing rates of today in the market. So, Sir, according to me, this amount of Rs.1000 crore is not sufficient. It requires further enhancement. The Government of India may enhance, by even up to Rs.2000 crore and beyond Rs.2000, whenever they feel necessary they may do so by notification.

Sir, not only this, Export-Import Bank credit amount is to be increased. In this country, an atmosphere must be created for stepping up exports. In the recent past, we have seen the attitude of this Government headed by Shri Vajpayee. They have enhanced the list of commodities to be imported by 294 which are also manufactured in this country. I do not know why they have permitted such a large number of very petty items like bindis also to be imported from other countries. I think the Government of India may have a fresh look into the list of recently permitted items to be imported. Now primarily we are exporting our agricultural products to certain other countries. For instance, from India we are trying to export chillies to certain countries where there is a need. China has become the biggest competitor for us in the international market. Quality-wise, chillies in China is better than our chillies. This is the first point. Secondly, the rate they are offering is also comparatively lower to our rates. So, primarily we have to educate the growers of our country to improve their quality of production, to reduce the cost of production, and to stand in competition with other countries as far as exports are concerned. The future of this country depends mainly on stepping up of our exports. The list of commodities that are to be exported is to be enlarged. Quality-wise also we have to take a lot of steps to educate the people.

For instance, some of the industrial manufacturing units are also engaged themselves in the export markets. Again, there also, the standard is to be improved. Unless we improve the standard and quality of the manufacturers of engineering products garments and certain other products, we will not be able to step up our exports. Therefore, I would request this Government to take necessary steps to educate our agricultural community to maintain quality, to reduce the cost of production, and to think of more and more exports. Similarly, the Government should create an atmosphere for the manufacturing units also to step up their exports.

SHRI CHETAN CHAUHAN (AMROHA): Mr. Speaker, Sir, I rise to support the Bill brought forward by the Minister of Finance.

In 1981, the authorised capital of Export-Import Bank of India was only Rs.200 crore.

With liberalisation, privatisation and with the Government's policy of allowing the foreign companies to invest in India, this authorised capital, which was very less, was increased to Rs.500 crore. At present, the Government wants to increase this authorised capital upto Rs.1,000 crore.

Sir, as we all know, more and more foreign companies are coming into India and they want to invest money here. Foreign trade is increasing in various countries, especially after the signing of the WTO Agreement and to encourage our exporters, it was felt by the Export-Import Bank to increase this authorised capital and now it has been decided to increase it to Rs.1,000 crore. As the hon. Member has said, there is, of course, a provision to increase the authorised capital upto Rs.2,000 crore. But for the moment, I think, the Government thinks that Rs.1,000 crore is enough and that is the reason why it wants to increase the authorised capital from Rs.500 crore to Rs.1,000 crore.

Sir, our foreign exchange reserves have increased from 27,034 billion dollars to 29,000 billion dollars in the month of June. But we will have to be very careful, especially because the slowing down of the economy is a big concern for the people. There is, at the moment, a recession in India. Of course, it is a phenomenon which is there in foreign countries too. So, it is a global recession. The fall of the currencies of the East Asian countries has also brought in this situation. We have to take steps to see that the recession in the economy is somehow overcome.

Sir, it is found that over Rs.60,000 crore of surplus money is available in the banks which can be lent out. But because of the recession, maybe the banks do not have the confidence. They are looking around for big companies and blue-chip companies. But unfortunately, due to the recession, other industries are looking around for money and this is a very big problem. The medium level industries are looking for working capital.

Some time back, we did have a meeting of the Standing Committee and it was pointed out to the officials of the Reserve Bank of India that the banks will have to be lenient and I had even suggested that if some kind of cheaper loans could be given to the industries, it would be better. Due to the recession, the industries are not able to repay their debts, especially to the financial institutions and banks and it was suggested that on a case-to-case basis the banks could consider a moratorium on the instalments of repayment, it would solve the problem to some extent. This kind of a suggestion was given by the Standing Committee. I would request the hon. Minister to please get this suggestion examined. I do not suggest it as a general policy, but he may consider this suggestion on a case-to-case basis for industries, especially in the core sector, which is not doing well. It is facing a lot of problems now. At the moment, if some kind of an encouragement is given to it like a moratorium on repayment to industries like steel, cement, solvents etc., I think, it will help the industries, because most of them are not able to repay the bank loans and also they are not able to repay their instalments to the financial institutions.

Sir, on the positive side, we have got NRI deposits of about 20,402 million dollars.

We must encourage because of the gap and because of the problems faced by the industry at home. We will have to encourage the NRIs. We will have to create a cordial industrial atmosphere.

There is an urgent need to increase the investment infrastructure. The hon. Prime Minister has declared some time back that a national highway - a freeway - will be constructed. And work for constructing about 7,000 kms will start soon. I am sure that this kind of investment in infrastructure in India, in the core industries, especially steel and cement industries - will get a big boost. That will indirectly boost up the economy of this country.

I would like to mention one point here about import of sugar. We have been discussing this. I wrote to the Prime Minister. I did get a reply. Now, sugar is being imported from Pakistan. I believe, the contract has been for about 16 lakh tonnes out of which nine lakh tonnes have already come into India. Because of this, the Government has lost on import duty because the import duty, at the moment, is only five per cent. Secondly, because of the import, the price of sugar has come down. It is going to result into big problems for the sugar industry.

My concern is for the poor farmers. In case the sugar industries face problems, they will not be able to make payment to the farmers who are going to supply sugarcane this year. The season has already started. Especially in Uttar Pradesh, the rates of sugarcane have not been declared as yet. So, my request is that the import duty on sugar which is being imported especially from Pakistan, should, at least, be 15 per cent so that it can match the rates which are prevalent in India.

The Government will have to take steps especially in the industrial sector. Because of this recession and unemployment, some of the industries are closing down. Some of the industries are incurring losses. Even the big companies, which are there, have incurred losses in the first six months of this year. The Government will have to take urgent steps.

With this, I congratulate the hon. Minister for increasing the authorised capital from Rs. 500 crore to Rs. 1,000 crore. I am sure, this increase in the authorised capital will give a boost to the exporters because the exports have also come down. Of course, because of the global recession, the exports have come down. But if we give cheaper credit to the exporters, I am sure, the exporters will be able to increase their exports and bring in the much-awaited and expensive foreign exchange. With these words, I conclude.

श्री मोहन सिंह (देवरिया): अध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। अब हम बीसवीं सदी पार करने वाले हैं। १९९० में डॉलर टर्म में भारतीय मुद्रा की कीमत २० से लेकर २३ रुपये के आसपास थी और आज हम ४५ रु. के आसपास पहुंच रहे हैं। लगभग दुगनी स्थिति हो गई है। हम डॉलर टर्म में रुपये की कीमत जब लगातार घटा रहे हैं और निरन्तर इस बात की वकालत करते हैं कि अब हमने व्यापार का वैश्वीकरण कर लिया, हमने दुनिया के लिए दरवाजे खोल लिए, अब हम दुनिया के बाजार में प्रतियोगी के रूप में आ गए तथा अब हमारे देश के भी व्यापारी दुनिया में जाकर अपने देश के निर्यात और आयात को बढ़ाने का काम करेंगे। ऐसे समय उनके लिए इस बैंक के जरिए जो प्रोत्साहन की हमारी स्थिति है, मैं ऐसा समझता हूं कि वह लचर है, कमज़ोर है।

दूसरी बात हम कहना चाहते हैं कि जब हमने खाने-पीने की चीजों का भारत में लगातार आयात-निर्यात शुरु किया तब हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था के ऊपर उसका बुरा प्रभाव पड़ा। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में और जहां खाद्यान्न की खपत सबसे अधिक हो, चीन के बाद दूसरे नम्बर पर हो, हमारा सबसे बड़ा देश है। उस

देश में उत्पादित वस्तुओं को, जो खाने-पीने की चीजें मजबूरी में केवल विदेशी-मुद्रा अर्जित करने के प्रलोभन में या किसानों को हमारे देश में अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता, सरकार सोचती है कि शायद उनको कुछ अधिक मूल्य दुनिया के बाजार में मिलेगा।

मोहन सिंह जारी इस मायने में हमने देश से बाहर जाने की छूट दी, जिसका नतीजा आपने देखा कि राजनीतिक खामियाजा आपको और आपकी पार्टी को भुगतना पड़ रहा है।

फिर उसके बाद उन्हीं चीजों को हमने यहां से सस्ते रेट पर निर्यात किया और फिर OGL के जरिए अपने देश में मंगाने का काम किया। जब मंगाया तो जो रेट था, उससे चार-पांच गुना अधिक बाजार में वही चीज बिक रही है। जहां हम आयात-निर्यात को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, वहीं दूसरी दृष्टि हमारी होनी चाहिए कि कौन सी ऐसी चीजें हैं, जिनका निर्यात इस देश से बाहर होना चाहिए और जिनका निर्यात इस देश से बाहर नहीं होना चाहिए तथा वे चीज अपने देश में खपत के लिए पर्याप्त हो। इसलिए जब हम एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक को सुधारना चाहते हैं, उसकी पूंजी को बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें इस बात पर निर्णय करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा कि इस देश में ऐसी कौन सी वस्तुयें हैं, ऐसे कौन से पदार्थ हैं, ऐसी कौन सी सामग्रियां हैं, जिनको हम अपने देश से बाहर न जाने दें और साथ ही यह भी देखें कि ऐसी कौन सी सामग्रियां हैं, जो हमारे देश में आकर हमारे देश के उत्पादन को, हमारे देश के व्यापार को और हमारे देश के उद्योग को प्रभावित करती है। मैं समझता हूं कि आपने इस संबध में सदन के बाहर निर्यात की नीति घोषित की, जिसका बहुत प्रचार किया, लेकिन उस सवाल पर यह सरकार दुविधाग्रस्त रहती है। कभी कहा जाता है कि विदेशी निवेश खुलना चाहिए, इस पर पार्टी के भीतर बहुत हल्ला होता है और फिर स्वदेशी जागरण मंच आता है। आप ही की पार्टी के सांसद उस पर हल्ला मचाते हैं। इस सदन के मंत्री घोषणा करते हैं कि इसी सत्र में अमुख प्रस्ताव पास होगा और बाहर जाकर दूसरे मंत्री कहते हैं कि नहीं, इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर और पार्टी के बाहर सांसदों का दबाव है और यह इस सत्र में नहीं आ सकेगा। यह इस सरकार की दुविधाग्रस्त स्थिति है। नीतियों के मामले में जब तक आपकी सरकार की सफाई नहीं होगी और केवल एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक की सीमा बढ़ाकर हम ऐसा नहीं समझते हैं कि हम भारत के व्यापार को बढ़ाने जा रहे हैं, भारत की व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ाने जा रहे हैं।

महोदय, अखबारों में निरन्तर खबरें छपती हैं कि हमारा व्यापार लगातार घट रहा है। व्यापार घाटा बढ़ने का सीधा असर हमारे देश के विदेशी व्यापार के भंडार पर पड़ता है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप बैंक की सीमा को बढ़ायें, लेकिन उसके साथ-साथ हमारी जो आयात-निर्यात की नीति है, उसकी साफ स्थिति सरकार के दिमाग में होनी चाहिए। इसकी साफ स्थिति न होने की वजह से पूरे देश का व्यापार प्रभावित होता है। अन्ततः हमारे देश की अर्थ व्यवस्था पर भी उसका सीधा असर पड़ता है।

तीसरी चीज, हम एक्सपोर्टर्स की मदद करना चाहते हैं। हम उनको प्रोत्साहित करना चाहते हैं, लेकिन टैक्स चोरी की जो नई पद्धतियां है, अंडर इंवायसिंग और ओवर इंवायसिंग के जरिए नई-नई तरकीबें निकल रही है, उस ओर ध्यान नहीं जा रहा है। इसको समाप्त करने के लिए वित्त मंत्रालय कितना कटिबद्ध है, उस पर कितनी गहराई से सोच रहा है, यह मैं माननीय मंत्रीजी से जानना चाहता हूं?

इसी के साथ-साथ कृषि मंत्रालय के अधीन एक छोटा सा बैंक है, जिसकी ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे देश का किसान फ्लोरी कल्चर और फ्रूटी कल्चर का निर्यात पिछले सात-आठ सालों से करना चाहता है और विदेशी मुद्रा को कमाने की ललक है। फ्रूटी कल्चर का व्यापार भी वह इस देश में बढ़ाना चाहता है, लेकिन यह बैंक इन किसानों की मदद करने में अक्षम हो रहा है, कमजोर हो रहा है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप इस एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट बैंक के दायरे को बढ़ायें और खास तौर से कृषि क्षेत्र में जो ग्रामीण कृषक हैं, जिनमें फ्लोरी कल्चर और फ्रूटी कल्चर को बढ़ाने और निर्यात करने की ललक है, उनकी भी मदद इस बैंक के जरिए करें।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

SHRIMATI GEETA MUKHERJEE (PANSKURA): Mr. Chairman, Sir, there are branches of this Bank in several places and Calcutta is one among them. But interestingly I find that the IDBI Report on Developing Banking in India for the year 1994-95 gave the names of the States, how much assistance these States have got from this bank and other details.

There I find that in 1994-95, Karnataka has got Rs. 47.20 crore; Maharashtra has got Rs. 129.00 crore; Rajasthan has got Rs. 31.5 crore; Tamil Nadu has got Rs. 86.90 crore; Uttar Pradesh has got Rs. 19.10 crore. Where is West Bengal? Where is Andhra Pradesh? Where is Kerala? Where are other States? I do not understand this.

First of all, I would like to know, after this Report of IDBI, whether the situation has changed at all. If so, in which direction it has changed and whether these States have got any loan assistance from this Exim Bank?

Now, where should we give loan? We find that loan is being given mainly for food products, textiles, chemical and chemical products, basic metals and transport equipment. I have no objection. But, then, this Bank is also supposed to help in diversification. I would like to know how much loan has been given to jute industry for

modernisation and diversification. Has anything been given? If so, have you given anything to NJMC mills? NJMC Mills are in a tottering condition. That being so, the Exim Bank in Calcutta should have seen that NJMC mills get the assistance for diversification. As per my knowledge, that has not been done as yet. If I am incorrect, then, the hon. Minister should kindly correct me because yesterday itself we went and met the hon. Minister of Textiles. There was a big demonstration of jute workers came who from Calcutta. They also talked with him about these NJMC Mills as well as the entire jute industry. The hon. Minister said that they have made some requests to the Ministry of Finance and it is going to the Cabinet. Uptill now, nothing has come out of it. I would like to request the hon. Minister to see that the Cabinet approves those things, otherwise these NJMC Mills will be closed. If diversification is done in jute industry, then really a large amount of exports can be made.

Now-a-days when you go to foreign countries sometimes you see various types of wall hangings, etc., made of jute and they are very popular. That being so, this is one of the areas where diversification is very much needed and that would give some profit both to the bank and some revenue revenue to the Government. It is very important for the workers also. I hope you will look into that.

The Managing Director of the EXIM Bank, Shri Desai advised that software companies would be most profitable. If that be so, then Calcutta is a place where software industry can very well develop. Some are already going on. Then there is a port at Haldia. Calcutta Port is also operating; both the Ports are there. These are the places from where we can easily export. The costs also will be less.

But we find, unfortunately -- I do not know why -- that our State has been receiving a step motherly treatment from the Central Government. I hope that the hon.. Minister will think over it. I am not talking only about my state. The other States also, who do not have any opportunity to get this help either for diversification or for setting up new export-oriented units etc., are feeling it. I think the hon. Minister may pay some attention to it and see that in future the pattern changes. Then I would like to know what has been the position after l995 and what it is now, whether the same situation continues or some improvement has been there in this respect.

SHRI RUPCHAND PAL (HOOGLY): Mr. Speaker, Sir, I was just thinking what suggestions I should give with regard to this particular Bill. Ultimately I came to the conclusion that my suggestion to this Government would be that the earlier it goes it would be better for our economy and for our exports.

हमारे हिंदुस्तान की आर्थिक स्थिति इन आठ महीनों में, चाहे निर्यात में हो, कैपिटल मार्किट में हो या इंडस्ट्री में हो, जिसमें बहुत कुछ करना था, आपने एक भी सही कदम नहीं उठाया है। अभी यह जो एग्ज़िम बैंक है उसमें कैपिटल बेस बनाने में कोई फायदा नहीं होगा। आप डब्ल्यू.टी.ओ. के अन्तर्गत हैं और जिसको मल्टीलेटरिज्म कहा जाता है लेकिन देखा गया है कि जो इंडसट्रियल कंट्रीज अमरीका वगैरहा हैं, जिनकी मार्किट है, उन्होंने फैसला कर लिया है और वे मल्टीनेशनल्जिम के नाम पर

ट्रेड-ब्लॉक बनाएंगे और जो सामान हम निर्यात करते हैं वे उसमें रुकावट लगाएंगे। मैं एक- दो बातें कहना चाहता हूं। हमारा जो सामान जूट का ट्रैडिसनली एक्सपोर्ट होता है वह उसमें चाइल्ड लेबर और हयूमन राइटस की बात कह देते हैं। जहां इस तरह से नहीं रोक पाते हैं वहां सैंक्शन्स लगा देते हैं। एग्ज़िम बैंक में उनका जो ओथराइज्ड कैपिटल था वह अब आधा हो गया है। वह इसलिए कि वह कह देते हैं कि हमारे निर्यात की स्थिति बहुत खराब है। इस तरह से हमारा निर्यात आधा हो गया है। हमारे इंडसट्रियल सैक्टर में सन १९९१-९२ में आर्थिक सुधार के नाम पर जो कदम उठाए गये, निजिकरण और ग्लोबलाइजेशन के नाम पर जो हमारा स्टील सैक्टर है या अच्छा पब्लिक यूनिट है, उसमें भी ऐसी स्थिति हो गयी है।

श्री पाल : सेल की क्या स्थिति है, यह मेरी जानकारी में नहीं है। मिनिस्टर साहब को इसकी जानकारी होगी। स्टील का ही यह हाल नहीं है। दूसरी चीजों का भी यही हाल है। कैपिटल का ठीक से इस्तेमाल नहीं होता है। आप निर्णय ले रहे थे कि ईस्टर्न कोल फील्ड को बंद करना होगा। आप पब्लिक सैक्टर को भीख देना चाहते हैं। जिन का निर्यात में शाही रोल था, उन्हें आप खत्म करना चाहते हैं। कुछ को खत्म कर दिया और कुछ को खत्म कर देंगे। इसमें एग्जिम बैंक क्या करेगा? हिन्दुस्तान में रिसैशन की स्थिति पैदा हो गई है। कुछ समय पहले एक्सपोर्ट करने वाले लोगों में विश्वास पैदा हुआ था लेकिन अब उनका विश्वास खत्म होता जा रहा है। निर्यात आयात पर निर्भर है और आयात पर एक्सपोर्ट यूनिटस निर्भर हैं। इससे ट्रेडिंग हाउसेज को नुकसान पहुंचा है। वर्लड इकोनमिक फोरम ने ही नहीं और कई लोगों ने कहा कि अगर हिन्दुस्तान का ट्रेड घाटे में चलेगा तो हिन्दुस्तान की आर्थिक स्थिति खराब होती जाएगी। यह परम्परा शुरु हो चुकी है। जैसा १९९१ में बी.ओ.पी. क्राइसिज पैदा हुआ था, वही अब होने वाला है। एक्सपोर्ट के बारे में नैगेटिव बोलने से कुछ नहीं होगा। एक्सपोर्ट करने के लिए हमारे यहां बहुत सी आइटम्स हैं।

फाइनैन्स सब-कमेटी को मुम्बई में कैपटन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज से मिलने का मौका मिला। उनका कहना था कि ऑटोमोबाइल सैक्टर में कैपेसिटी यूटिलाइजेशन ५० परसैंट से कम है और कहीं-कहीं ३५ परसैंट ही है। जैम, ज्वैलरी, गारमैंटस, टी, जूट जो ट्रैडिशनल एक्सपोर्ट आइटम्स हैं, उनकी तरफ इस गवर्नमैंट ने कोई ध्यान नहीं दिया। हमारी पार्टी ने इस बारे में जो सुझाव दिए, उनकी तरफ इन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। आपने पिछले आठ महीने में कंट्री को इतना नुकसान पहुंचा

दिया है कि मेरा यही सुझाव है कि आप तुरन्त उस तरफ चले जाइए। हिन्दुस्तान की रक्षा के लिए, एक्सपोर्ट की रक्षा के लिए और आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए अगर कदम नहीं उठाया तो देश की स्थिति और खराब हो जाएगी।

मैं दो-चार सवाल पूछना चाहूंगा। आपने एक्स्पोर्ट-इम्पोर्ट बैंक के लिए नया रास्ता चुना है। यह बैंक प्रॉफिट में है। वह छोटी जगहों से पैसा ले नहीं पाता। यही हाल नैशनलाइज्ड बैंकों का है।

... (व्यवधान)

I am concluding. Am I saying anything wrong?

MR. SPEAKER: No.

SHRI RUPCHAND PAL : Do you not accept my suggestions? Through you I am giving these suggestions to them. A number of measures have been announced but they are too late and too inadequate.

दुनिया के कई देशों का यही हाल है। ईस्टर्न एशियन कंट्रीज भी यही हाल है।

They were export-dependent economies.

श्री रूपचन्द पाल :

हिन्दुस्तान ऐसा देश है कि जहां ऐक्सपोर्ट डिपेण्डेण्ट इकोनॉमी नहीं होनी चाहिए। हिन्दुस्तानी लोगों की परचेज़िंग कैपेसिटी बढ़ाना ज़रूरी है।

We can have a very good developing domestic market.

वही एक रास्ता है। मित्तल साहब ने बाहर एक दो यूनिट खरीद ली, एशियन क्राइसेज़ हो गया। उधर जाने के बाद कुछ फायदा उठा लिया। ऐक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक का पैसा कितने लोगों ने खा लिया। किसान लोगों को जब सब्सिडी बांटी तो आपने कहा कि सब्सिडी हटा देनी चाहिए। गरीब जनता के खाने के लिए जब सब्सिडी की बात उठती है तो आप कहते हैं कि वह हटा देनी चाहिए। ऐक्सपोर्ट में सब्सिडी तो ले ली, पैसा खा लिया, लेकिन ऐक्सपोर्ट को आगे बढ़ाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए। उसको बढ़ाने के लिए ऐक्सपोर्ट इंपोर्ट बैंक ने कुछ नहीं किया। ऑथराइज़्ड कैपिटल को बढ़ाने से कुछ फायदा नहीं होगा।

Small-scale and cottage industries account for more than forty per cent of the exports. What are they doing for them? If they need raw material, they are not providing them. If they need money, they are not providing them. If they need the technology, although they do have the infrastructure, there is no one to help them. This is our experience. So, if they have to do something, they will have to take care of our small-scale and cottage industries, they will have to relook at their industrial policy and they must not dismantle these giants, the public sector units which have contributed all these days to our economy and to our exports.

If they do not rethink on these issues, merely by augmenting the authorised capital base, nothing is going to happen. So, my plea will be that they should have a relook at the whole scheme of things, they should have a relook at the functioning of these exporters, export houses, financial institutions and also the EXIM Bank.

I am not going into the grave cases of irregularities and lapses amounting to corruption which have come to my notice and to the notice of the people of this country. Although I am not going into them, but they should also be looked into properly.

Sir, with these words, I thank you very much and request the hon. Minister to take care of the points made by me.

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): माननीय अध्यक्ष महोदय, अभी सदन में भारतीय आयात निर्यात बैंक अधिनियम, १९८१ में संशोधन करने वाले विधेयक पर चर्चा हो रही है।

अध्यक्ष महोदय, अभी हमारे सदन के विद्वान सदस्य रूपचन्द पाल साहब ने एक बात कही कि पिछले आठ महीनों में इस सरकार ने ऐसा कोई भी निर्णय नहीं लिया है, इस सदन को और पूरे देश को मालूम है कि ऐक्ज़िम पॉलिसी पर संशोधन की जो घोषणा यहां हुई है, लगभग ३४० जिन्सों में ओ.जी.एल. लागू हुआ है, उनको लाइसेन्स से फ्री किया गया है। नयी ऐक्ज़िम पॉलिसी घोषित हुई है और इसी सदन में उस पर चर्चा हुई है। यदि आप अनुमति दें तो मैं आपका ध्यान और सदन का

ध्यान आकर्षित करूंगा एक प्रश्नोत्तर के संबंध में जो १ जून, १९९८ को यहां पूछा गया था और उसका जो जवाब आया, पाल साहब यदि सुन लें तो मेहरबानी होगी। उसमें माननीय सदस्य ए.विजयराघवन के प्रश्न के जवाब में उत्तर आया है कि १९९७-९८ में निर्यात में २.६४ मिलियन यू.एस. डॉलर की वृद्धि हुई है। इसलिए यह कहना कि कोई वृद्धि नहीं हुई, बिल्कुल गलत है। बल्कि दुनिया में साम्यवाद जैसा इकोनॉमिक आइडिया भरभरा कर टूट गया है। पश्चिम बंगाल की बात आदरणीया विद्वान सदस्य गीता मुखर्जी जी कर रही थीं। अब पश्चिम बंगाल में क्या हो रहा है ?

क्या वह साम्यवाद की नीति पर चल रहे हैं, क्या ऐसा कोई इकोनोमिक आइडिया है। अध्यक्ष महोदय, यदि आप मुझे अनुमति दें तो मैं आपसे और सदन से निवेदन करना चाहूंगा जैसा कि एक माननीय मंत्री जी ने कहा था कि इस बैंक से लाभांश भी मिल रहा है और सन् १९८० से १९८८ तक इस बैंक के जो परफार्मेन्स हैं वे पूरी तरह से अच्छे रहे हैं और उसमें कैसे इम्प्रूवमैंट किया जा सकता है, यह सदन का सब्जेक्ट है। यदि आप मुझे थोड़ा और बोलने की अनुमति दें तो मैं कहना चाहूंगा

... (व्यवधान)

SHRI P.C. CHACKO (IDUKKI): You can speak tomorrow.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Hon. Members, today, in the BAC meeting, we have finalised a lot of business. Tomorrow also, we have to take up some Bills, in addition to the discussion on the price rise. There are only two or three Members who want to speak on this Bill. If the Members cooperate, we can pass this Bill and then adjourn the House.

SHRI P.C. CHACKO : Sir, very important Bills are not coming before the Parliament, and all these comparatively unimportant Bills are coming. So, why should we waste our time?

MR. SPEAKER: Tomorrow onwards, there are important Bills which will be coming before us. Today, there are only two or three speakers. We can pass this Bill today. I request to you cooperate with the Chair.

SHRI KONIJETI ROSAIAH : Sir, we are all prepared to cooperate, but where are the Members of the ruling party? I find only two or three Members there. Is it enough?

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : वही मैम्बर्स बैठे हैं जिनको बोलना है, जिनके नाम हैं वे बैठे रहे गये हैं।

श्री चन्द्रशेखर साहू (महासुमन्द): अध्यक्ष महोदय, गत वर्ष ३४ अरब डॉलर का निर्यात हुआ था और नई एक्जिम पॉलिसी में उसे बढ़ाकर ४० अरब डालर करने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। इस तरीके से २० फीसदी निर्यात की वृद्धि का लक्ष्य इस सरकार ने देश के सामने रखा है। वैसे भी पांच परसेंट के आसपास विश्व व्यापार में आपकी भागीदारी रही है, आप उसी के आगे-पीछे होते रहे हैं। एक और महत्वपूर्ण निर्णय हुआ है, आपने छोटे और मझोले उद्योगों की बात की है, इसी पॉलिसी में तय हुआ है कि २० करोड़ की लघु उद्योगों की जो सीमा है, उसे घटाकर एक करोड़ कर दिया जाए। अध्यक्ष महोदय, ऐसा हुआ है। मैं आपके सामने पिछली संसद में लोक लेखा समिति ने जो अपनी रिपोर्ट दी है, उसके बारे में विस्तार से तो नहीं कहूंगा, लेकिन उसने जो प्वाइंट आउट किया है, उसी को नई एक्जिम पॉलिसी में शामिल किया गया है। यह बात भी तय हुई है, कुछ सुझाव यहां प्रस्तुत हुए हैं। दिल्ली एक्सपोर्टर्स और जो भी फॉरेन ट्रेड कंसल्टेन्ट्स हैं, उन्होंने भी इससे उम्मीदें की हैं। मैं यह नहीं कहता कि एक्जिम बैंक की सीमा बढ़ाकर पांच सौ करोड़ कर देने से सारी समस्याओं का निवारण हो जायेगा, निर्यात बढ़ जायेगा, मैं यह दावा नहीं कर रहा हूं। लेकिन कुछ ऐसी बातें हैं, जिनको सभी मिलकर कर सकते हैं। आपने कहा कि पिछली बार निर्यात के भुगतान से संतुलन कम हुआ है। यदि आप आर.बी.आई. की रिपोर्ट पढ़ लें तो उससे स्पष्ट हो जाता है कि इस सरकार में उसका कहीं कोई रोल नहीं है।

अध्यक्ष महोदय, आर.बी.आई. की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि डोमेस्टिक एप्लाएंसेज में इंडस्ट्री वाइज फॉरेन इनवेस्टमेंट में जो क्लोज हुआ है उसकी फीगर २२२.८ करोड़ है। यह इस सरकार के आने के साथ-साथ हुआ है। उसके साथ-साथ इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रोनिक, इलैक्ट्रिकल इक्विपमेंट में और कंप्यूटर्स में भी इजाफा हुआ है। आप यदि इस बात के लिए कन्सेन्सज तैयार करते हैं कि इस देश में इकोनोमिक निर्यात बेस नहीं हो सकता है, एक्सपोर्ट बेस नहीं हो सकता है, उससे हम लोग एग्री करते हैं। लेकिन जब प्रश्न आता है कि आप कृषि जिन्सों का ज्यादा से ज्यादा कैसे निर्यात करें, कैसे ज्यादा से ज्यादा फॉरेन एक्सचेंज प्राप्त करें, कैसे ज्यादा से ज्यादा यहां विदेशी मुद्रा का संग्रहण करें, तब यह कहा जाता है कि हां इसके निर्यात में कहीं न कहीं हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। इसलिए अध्यक्ष महोदय मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी ने कहना चाहूंगा कि जो कारगो है, जो निर्यात का माल है, उसका क्लियरेन्स २४ घंटे के भीतर कर देना चाहिए, इसके सिवाय और कोई चारा नहीं है। जो एक्जिम बैंक है उसमें कुछ दिक्कतें हैं, खासकर कृषिजन्य पदार्थों का जो ड्रा बैक भुगतान है, उसको बिना देखे निर्यात ऋण उपलब्ध कराया जाए।

इससे निश्चित रूप से उन छोटे-छोटे निर्यातकों को फायदा होगा जिनका योगदान बहुत ज्यादा है। पेटेंट और पोस्ट शिपमैंट में जो ब्याज लगता है, यदि आप उसको शून्य कर दें तो निश्चित रूप से बहुत सारे छोटे निर्यातकों को जो दिल्ली, मद्रास और पूर्वांचल क्षेत्रों जैसे कलकत्ता, मुम्बई में हैं, उनको फायदा होगा। इसी तरह ऐक्जिम बैंक में जो पासबुक सिस्टम है, उसे अगर आसान पासबुक सिस्टम के रूप में लागू करते हैं तो उसका फायदा होगा। इसी तरीके से यदि आप उपभोक्ता सामान आयात को प्रोत्साहन देंगे तो उसका लाभ हमको नहीं मिलने वाला है। इसलिए यदि हम उसे प्रोत्साहन देने की नीति बदल दें तो उसका लाभ मिलेगा। इस

तरीके से ऐग्जिम पॉलिसी की जो नयी ब्याज दर है, उस नयी ब्याज दर को वित्त पोषण के ब्याज दर के रूप में कैसे तब्दील करें, यह बहुत महत्वपूर्ण है। जैसा माननीय मंत्री जी ने अपने प्रस्तावना भाषण में कहा था कि हम ऐक्जिम बैंक को भारतीय निर्यातकों के लिए आयात-निर्यात की दृष्टि से वित्त पोषण के लिए कारगर इंस्ट्रूमैंट के रूप में इस्तेमाल करेंगे, कारगर उपकरण बनायेंगे तो वित्त पोषण की दृष्टि से आपकी नई ब्याज दर भी लागू होगी।

अंत में मैं एक बात और कहना चाहूंगा। जो कोर सैक्टर की बात आई है, हम पूरी तरह सहमत हैं कि जैम, ज्वैलरी गारमेंटस, जूट आदि जो परम्परागत निर्यात के क्षेत्र हैं, उसमें पिछले साल और उसके पहले साल से जो मंदी आई है, उससे बहुत ज्यादा हताशा है। उससे उबरने की जरूरत तो है लेकिन इसके साथ-साथ कोर सैक्टर में भी भयंकर आर्थिक मंदी है। स्टील का जितना निर्यात-आयात हो रहा है, यदि आप उसपर एंटी डम्पिंग डयूटी नहीं लगाएंगे, एंटी डम्पिंग टैक्स नहीं लगाएंगे तो यहां के कोर सैक्टर के स्टील और स्क्रैप का मामला इतना खराब हो जाएगा, इतने हजार, करोड़ का जो डम्पिंग आपके यहां पड़ा हुई है, उसकी स्थिति खराब हो जाएगी जिससे आप उबर नहीं पाएंगे। इसलिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी और भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि स्टील और स्क्रैप के आयात पर एंटी डम्पिंग टैक्स लगाएं और उसे तत्काल कोर सैक्टर की मंदी से उबारें।

इसके साथ-साथ कुछ और विषय थे। मैं आपके सामने केवल यह कहना चाहूंगा, खासकर आपने यहां पर जो संकेत किया है कि हम इस बैंक के माध्यम से बहुत सारे कृषि क्षेत्रों में सहायता और संयुक्त उपक्रम के रूप में डैवलप करने की कोशिश करेंगे, चावल उत्पादकों के लिए भी निर्यात के क्षेत्र में कहीं न कहीं उनको प्र ोत्साहन मिलना चाहिए। बहुत सारे माननीय सांसद चावल उत्पादक क्षेत्र से चुनकर आते हैं। यदि उनको कहीं न कहीं सहायता मिली तो इसका लाभ मिलेगा। इन्हीं भावनाओं के साथ इस बिल का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं और इसे पारित करने के लिए आपसे निवेदन करता हूं।

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। आयात-निर्यात बैंक की स्थापना १९८१ में २०० करोड़ रुपये की लागत से की गई थी और भारत सरकार को यह अधिकार दिया गया था कि समय-समय पर उसकी सीमा बढ़ाकर ५०० करोड़ रुपये तक कर सकती है। १९९५-९६ में यह लक्ष्य पूरा हो गया और आज इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। इन १७ वर्षों में चीजों के जो दाम बढ़े हैं, हमारे देश का जो आयात-निर्येत बढ़ा है, मैं समझता हूं कि इसमें और भी वृद्धि की आवश्यकता थी और निश्चित रूप से यह बिल आना चाहिए था। मगर इसमें राशि और बढ़ानी चाहिए। १८ सालो में महंगाई और आयात-निर्यात १८ गुना से ज्यादा बढ़ा है, मगर आपने सिर्फ पांच गुना बढ़ोत्तरी की है, आपने २०० करोड़ रुपये से १००० करोड़ रुपये इसकी राशि की है और बढ़ाने की क्षमता ५०० करोड़ रुपये से २००० करोड़ रुपये की है जो कि चौगुना है जबकि वास्तविकता यह है कि पिछले १७-१८ सालों में आयात में वृद्धि के कारण महंगाई काफी बढ़ी है।

डा. शकील अहमद : इसलिए मेरा अपना मानना है, मेरा अपना सुझाव है कि आप जल्द ही दूसरा बिल लाकर इस राशि को और भी बढ़ाने की कोशिश करें। आयात निर्यात में इन्होंने प्याज का ऐसा निर्यात किया और प्याज के आयात में ऐसी गड़बड़ी की कि तीन राज्यों में जनता ने ही इनका निर्यात कर दिया, इसलिए आप आयात निर्यात का सबक सीखिये। आपने इम्पोर्ट ठीक से नहीं किया तो तीन राज्यों से इन्हीं का एक्सपोर्ट हो गया।

मैं कहना चाहता हूं कि बैंक का निश्चित रूप से आयात निर्यात के हित के लिए उपयोग होना चाहिए। जब मुगलों का पीरियड था, बी.जे.पी. के लोग मुगल पीरियड के लिए तरह-तरह की बातें करते हैं, मगर मैं आपको बताऊं कि मुगल पीरियड में वर्लड ट्रेड में भारत का हिस्सा २४ प्रतिशत था, मगर १९४७ के आसपास जब अंग्रेज भारत छोड़कर गये तो वर्लड ट्रेड में भारत का हिस्सा २४ प्रतिशत से घटकर आज ०.४ परसेंट पर आ गया है, इसलिए मैं चाहता हूं कि आपकी मानसिकता भी बदले और आप वास्तविकता को स्वीकार करें।

... (व्यवधान)

नहीं, १९४७ में कांग्रेस की सरकार नहीं थी, तब अंग्रेजों की सरकार थी, जिसके साथ आप लोग थे। हम तो अंग्रेजों से लड़ रहे थे। यह बात निश्चित रूप से होनी चाहिए कि किन वस्तुओं का आयात हो और किन वस्तुओं के निर्यात में बैंक को बढ़ावा देना चाहिए। यह ठीक है कि यह कामर्स मिनिस्ट्री का मामला है, मगर फिर भी बैंक प्राथमिकता दे सकता है कि किन-किन वस्तुओं का आयात होगा, तब हम उनका फाइनेंस करेंगे या उनकी मदद करेंगे या किन-किन वस्तुओं का निर्यात होगा, तब हम उनकी मदद करेंगे। निश्चित रूप से ऐसी ही वस्तुओं का आयात होना चाहिए, जो हमारे देश में उपलब्ध नहीं हों या उनका आना बहुत ही आवश्यक हो, वार फुटिंग पर उसकी आवश्यकता हो, तब उन वस्तुओं का आयात होना चाहिए और निर्यात उन्हीं वस्तुओं का होना चाहिए या एक्सिम बैंक को उसमें प्र ाथमिकता देनी चाहिए, जिन वस्तुओं में भारत स्वावलम्बी हो। जिन वस्तुओं का भारत में इतना उत्पादन हो कि हम अपने देश की खपत पूरी कर लें, उसके बाद ही हम उसका निर्यात करें और जो आयात का मामला है, उसमें निश्चित ही उन मामलों में आयात को परमीशन देनी चाहिए, जो हमारे देश में उपलब्ध नहीं हैं, उन्हीं को एक्सिम बैंक को सपोर्ट करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ, इन्हीं बातों के साथ मैं एक बार पुनः कहूंगा कि १७-१८ साल में काफी महंगाई बढ़ी है, हमारा आयात निर्यात बढ़ा है, प्राइवेटाइजेशन हुआ है। प्र ाइवेटाइजेशन पूरी दुनिया में हो रहा है। मैं अपने साथी से सहमत नहीं हूं। प्राइवेटाइजेशन के लिए आपके सी.पी.एम. के पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री ज्योति बसु जी हम लोगों के जानते २० बार विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए विदेश जा चुके हैं।... (

Interruptions)
SHRI RUPCHAND PAL: It was done in the mutual interest, for the mutual benefit... (Interruptions)

डा. शकील अहमद : इसलिए यह बात किसी एक देश की नहीं है, वर्लड ट्रेड में हम हैं, निश्चित रूप से हमें दुनिया के साथ समझौता करना पड़ेगा, मगर उसके साथ-साथ हम अपने फायदे का ख्याल रखेंगे, हम अपने घाटे का ख्याल रखेंगे। जिन बातों से इस देश का फायदा होगा, वह हम निश्चित रूप से करेंगे। जिन बातों में इस देश का घाटा होगा, उसे हमें निश्चित रूप से नहीं करना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं एक बार फिर सुझाव दूंगा कि यह राशि बहुत कम है, इसलिए इसको २००० करोड़ नहीं, १० हजार करोड़, २० हजार करोड़ रुपये बढ़ाकर करना चाहिए, क्योंकि दुनिया की बराबरी में हम अलग नहीं रह सकते हैं। धन्यवाद।

प्रो.जोगेन्द्र कवाडे (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, भारत का निर्यात आयात बैंक अधिनियम, १९८१ में संशोधन करने के लिए, दुरुस्ती करने के लिए यह जो विधेयक आया है, मंत्री महोदय लाये है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हूं।

यह समर्थन देते हुए मैं मंत्री महोदय से यह अपील करूंगा कि जैसा कि हमारे साथी भाई शकील जी ने यहां पर जिस बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया,

जब यह एक्जिम बैंक बना तो २०० करोड़ रुपए इसकी अधिकृत पूंजी थी, जिसको ५०० करोड़ रुपए तक बढ़ाने का प्रावधान था। आज १८ बरस के बाद दुनिया में जो स्पर्धा बढ़ी है, हमारे देश में महंगाई बढ़ी है, आयात-निर्यात के क्षेत्र में बहुत सारे परिवर्तन आए हैं, इनको देखते हुए मेरी समझ में यह बात नहीं आती कि मंत्री महोदय ने २०० करोड़ रुपए अधिकृत पूंजी को बढ़ाकर १००० करोड़ रुपए कर दिया और ५०० करोड़ रुपए तक जो इसको बढ़ाने का लक्षय था उसको २००० करोड़ रुपए कर दिया, आज की स्थिति को देखते अगर १००० करोड़ रुपए को २००० करोड़ रुपए तक करते और २००० करोड़ रुपए की जगह ५००० करोड़ रुपए कर देते तो हमारे देश में निर्यात को बढ़ाने में एक्जिम बैंक को लाभ होता। आज स्थिति ऐसी है कि हमारे देश में जब आयात की बात आती है तो आयात दो तरह का होता है। एक तो वह जिसमें ऐसी चीजें हैं जो बुनियादी हैं, जो बहुत ही जरूरी हैं और जिनके बगैर हमारे देश को नुकसान हो सकता है, लोगों को तकलीफ हो सकती है और हमारी अर्थव्यवस्था को भी तकलीफ हो सकती है। ऐसी चीजों का आयात करना चाहिए। दूसरा यह है कि कई ऐसी चीजें भी हैं जो आयात करके यहां प्रोसेस करके फिर निर्यात की जा सकती हैं।

सत्ता पक्ष बात स्वदेशी की करते हैं, लेकिन ये सारे विदेशी लोगों की ही मदद करते हैं। स्वदेशी की बात करना आसान है, लेकिन हमारे देश के माहौल को देखते हुए विदेशी नीति के जो तौर-तरीके अपनाए जा रहे हैं, उस सम्बन्ध में मैं मंत्री महोदय से कहना चाहूंगा कि आज हमारे देश की आर्थिक नीति को मजबूत बनाने के लिए एक्जिम बैंक द्वारा छोटे-छोटे निर्यातकों को बढ़ावा देना चाहिए और उनको ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही आयात पर प्रतिबंध लगाने की कोशिश करनी चाहिए। आयात करने वालों को कम से कम और छोटे-छोटे निर्यातकों को, बड़े निर्यातकों को तथा केपिटल गुडस वालों को ज्यादा से ज्यादा प्र ोत्साहन देना चाहिए।

पब्लिक सेक्टर में जितने अंडरटेकिंग्स हैं, उनमें कई ऐसे हैं जो हमारे इसी तरह से एच.एम.टी. द्वारा उत्पादित वस्तुओं को दूसरे पी.एस.यू. नहीं लेना चाहते। अगर ये ही नहीं लेंगे तो बाकी आम जनता या घरेलू बाजार में कैसे ये चीजें बिकेंगी। विदेशों से जो खान-पान की चीजें लाई जा रही हैं, जबकि हमारे देश में ये अच्छी तरह से बनती हैं। आज कोल्ड ड्रिंक्स, वैफर्स और सॉफ्ट ड्रिंक्स विदेशों से आ रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनीज बाहर से यहां आ रही हैं। इससे आर्थिक नीति को बहुत बड़ा नुकसान पहुंच रहा है। मेरा मानना है कि मंत्री जी जो बिल लाए हैं, इसका मैं समर्थन करता हूं, लेकिन मैं उनसे यह भी अनुरोध करना चाहता हूं कि निर्यात बढ़ाने के लिए एक्जिम बैंक को पिछड़े वर्ग के लोगों, अनुसूचित जाति और जनजाति के लोगों को एक्सपोर्ट बिजनेस में हैं, इम्पोर्ट बिजनेस में हैं, उनकी तरफ ि वशेष ध्यान देना चाहिए। जिससे छोटे तबके के लोग भी निर्यात करके हमारी अर्थव्यवस्था को मदद पहुंचा सकें इसलिए उनको प्रोत्साहित किया जाए। इसी के साथ मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री रामदास आठवले (मुम्बई उत्तर-मध्य) : अध्यक्ष महोदय, हमारे मंत्री महोदय यह जो बिल लाए हैं, बिल का विषय बहुत अच्छा है। हमारे देश की इकोनॉमी डै वलप कराने के लिए १००० करोड़ रुपए सरकार ने बढ़ाया है, बहुत बड़ा काम किया है लेकिन मैं समझता हूं कि इतने हजार करोड़ का मतलब खाली पच्चीस करोड़ डॉलर ही होता है। मेरा मानना इतना है कि इसको डैवलप कराने के लिए थोड़ी सी राशि ज्यादा से ज्यादा ढ़ाई हजार करोड़ तक बढ़ानी चाहिए। कृषि क्षेत्र में किसान जो भी उत्पादन करते हैं, उनकी जो कोपरेटिव सोसायटीज होती हैं, उनको भी बैंक द्वारा ज्यादा से ज्यादा फायदा होना चाहिए, व्यापारी लोगों को भी फायदा होना चाहिए। जिन किसानों ने उत्पादन किया है, उनको ज्यादा फायदा कैसे दे सकते हैं, इस बारे में भी बैंक को सोचने की आवश्यकता है, भारत सरकार को भी सोचने की आवश्यकता है। अगर आप जल्दी से जल्दी इस बारे में विचार नहीं करेंगे तो आपको भी एक्सपोर्ट करने की आवश्यकता है। तीन राज्यों में एक्सपोर्ट किया है, इस संबंध में विचार कर लीजिए।

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Mr. Speaker, Sir, I thank you for giving me an opportunity to express one word about this Bill.

I am sorry that I cannot support this Bill for the simple reason that it will not help the industry also.

So far as the traditional industries are concerned, the first thing that I would like to mention is about the coir industry. About five lakh families are fed up with this industry. Now they are put to starvation for the simple reason that the Exim policies are adverse to them. With some modification in the Exim policy, recently, you have allowed foreign countries especially Philippines and Sri Lanka to export coir into our country. So, the production in Kerala has been adversely affected and they are put to starvation.

The second thing that I would like to emphasise is that the Exim policy is at the expense of the traditional industries like the rubber industry. Kerala is the only State which produces 90 per cent of natural B rubber in our country. Now, the rubber growers numbering about 22 lakhs are put to starvation because tyres are being imported. So, the natural rubber growers are at a loss. You are also not prepared to declare a floor price for natural rubber. The net result is that lakhs of people are put to starvation. Starvation is the order of the day because of the Exim policy that you are following.

I would say a word about the software industry. Kerala is the foremost State in the production of software. We are producing it. I invite the hon. Minister to come and see the software industry which is flourishing in Kerala.

Unfortunately, the Exim policy is not helping anyone. They are doing nothing and they are not supporting them. So far as the software export is concerned, we are proud of telling that we will be able to control the international market in the production of software, if you encourage us. If you are prepared to encourage the people of Kerala in the production of software and if you take a reasonable step towards that production, I am sure that we will be the foremost in the international field in the production of software which is flourishing. So, I would request the hon. Minister to consider these aspects. My feeling about the solution is that you may quit the Office. That is the only solution, but at the same time, with a ray of hope, I am submitting all these things to you.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (BANKING, REVENUE AND INSURANCE) (SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN): Mr. Speaker, Sir, at the outset I thank all the hon. Members who participated in this discussion and supported the Bill for the amendment to increase the statutory reserves of Exim Bank. Nearly ten hon. Members participated in the debate.

First of all I would like to inform the hon. Members that Rs. 1000 crore or Rs. 2000 crore is not enough. Our target for the next five years, that is up to 2003 is Rs. 10,000 crore. The Bank has been projected to grow by fifteen per cent in the next two years that is 1998 to 2000 and at twenty per cent for the subsequent three years, that is up to 2002 to 2003. This is my humble answer to the question raised by many hon. Members as to whether this amount is sufficient or not.

As you are aware, the Exim Policy is different and amendment to this Bill is something different although they are related. To The West Bengal Exim Bank has given Rs. 301.32 crore for the five year period, that is from 1993-94 to 1997-98. The State of Kerala has received Rs. 50.46 crore. Though jute comes under Textiles Ministry jute has been given a loan of Rs. 2.14 crore upto 30.9.1998 and the amount utilised is Rs. 14.35 crore. I would like to assure the hon. senior Member, Smt. Geeta Mukherjee that we do not come here simply to increase the money. The job of the Exim Bank is to advise and give assistance that the country needs. Some hon. Members have talked about floriculture. We are giving great importance to floriculture.

MR. SPEAKER. She also asked about Andhra Pradesh.

SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: The State of Andhra Pradesh received Rs. 256.45 crore. The Exim Bank is used by those who are interested in exports. They must come forward. There must be some sponsors from the State. We talked about agriculture. Up to 1964 when Jawaharlal Nehru was alive, we were importing cotton from Sudan and Egypt. In 1960s and 1980s we had no cotton. But our agriculturists have started producing very good variety of cotton for 1990s. Therefore, we have improved and we are improving. As I have some knowledge of cotton, I can tell you that till 1964 India was importing cotton from Sudan and Egypt for 1980s.

Today, we are exporting cotton, silk and so many other things. I would like to tell Shri Varkala Radhakrishnan about the assistance which he has asked for in the export of rubber. I would like to say that the tyres produced in Kerala alone cannot run all the lorries. ... (Interruptions)

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : You are not importing the tyres.

SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: We are importing tyres. We are now importing onions.... (Interruptions) Just imagine, how much our traffic has increased.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : The entire rubber produced in Kerala is not at all found in the market.

SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: What is our requirement of rubber today?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : We are prepared to meet the entire requirement provided we are given all the ingredients.... (Interruptions)
MR. SPEAKER: This is not Question Hour.
SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: One of the hon. Members from Janata Dal said that the food articles should not be exported. He is not present here. Chilli used to be our traditional export item. Andhra Pradesh and Tamil Nadu are the largest producers of chilli. The Sri Lankans were eating the chillies produced by India. Now China has become the competitor. So, wherever possible, the Government is taking steps. Shri Rupchand Pal said that the Government should go. We will go when people will ask us to go. BJP is a coalition of the people, by the people and for the people. Right from 1947 to 1998, Congress was the main Party. Today the Congress is in Opposition.
SHRI BHUBANESWAR KALITA (GUWAHATI): Sir, the Minister is provoking the Members.
SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: I am not provoking the Members. Since Shri Pal said that we should go, I am saying that we will be here in the Parliament as long as people want us to be here.
Now, as far as the position of NPA is concerned, I would like to say that our Non Performing Asset is only 4.2 per cent excluding for Iraq. Out of Rs.891 crore of NPA, Rs.396 crore are on account of Iraq loans. When we will get the sanction, deferred payment will be allowed to be made. Our NPA position of Exim Bank is only 4.2 per cent. Government has taken measures to provide for SSIs but at the same time we are promoting exporters also. I would like to tell Shri Chauhan, the great cricketer, that we have given instructions to all the banks, not to include assets into NPA which are not NPA till today and NPA should not be made a chronically sick industry. This is the general instruction which we have given.
I would like to say that this Government under the leadership of Shri Vajpayee, is doing everything that is required. I once again thank all the Members for having participated in the discussion. I would like to assure all the hon. Members that whatever encouragement is required on the export side, we are prepared to give. I again thank all the hon. Members for having taken part in the discussion. With these words I would request Members to pass the Bill.
MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill further to amend the Export-Import Bank of India Act, 1981, be taken into consideration."

The motion was adopted.

MR. SPEAKER: The House shall now take up clause by clause consideration of the Bill.

The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

The motion was adopted.

Clause 2 was added to the Bill.

MR.SPEAKER: The question is:

That Clause 1,the Enacting formula and Title stand part of the Bill.

The motion was adopted.

Clause 1, the Enacting Formula and Title were added to the Bill.

SHRI KADAMBUR M.R. JANARTHANAN: I beg to move:

"That the Bill be passed."

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

---

18.36 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Thursday, December 3, 1998/Agrahayana 12, 1920 (Saka).